ज्वैलरी शॉप से मंगलसूत्र चोरी

कोटा, (निसं)। रामपुरा कोतवाली इलाके के स्वर्ण रजत मार्केट में स्थित एक ज्वैलरी शॉप से मंगलसूत्र चोरी होने का मामला सामने आया है।

मामले में सामने आया कि महिला-पुरूष दो जने ग्राहक बनकर स्वर्ण रजत मार्केट में स्थित नेहा ज्वैलर्स शॉप पर पहुंचे और मंगलसूत्र देखने के दौरान एक मंगलसूत्र चोरी करके ले गये, जिसकी रिपोर्ट शॉप मालिक ने रामपुरा कोतवाली में दर्ज कराई है।

रामपुरा कोतवाली थानाधिकारी महेन्द्र मारू ने बताया कि स्वर्ण रजत मार्केट में स्थित नेहा ज्वैलर्स के मालिक ने मंगलसूत्र चोरी की रिपोर्ट दी है, रिपोर्ट में कहा कि महिला-पुरूष उसकी शॉप पर मंगलसूत्र खरीदने के लिये आये थे।

चार मंगलसूत्र दिखाये उनके जाने के बाद देखा तो एक आठ ग्राम का मंगलसूत्र गायब था। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरो में कैद हुई है, थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटैज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

स्वयंसिद्धा में इस बार चमकेगी बंगाल की चटाई और आदिवासी की गुड़िया

■ स्वयंसिद्धा प्रीमियम एग्जीबिशन का आगाज कल से

कोटा, (निसं)। महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को नई उड़ान देने के लिए लघु उद्योग भारती (महिला इकाई), कोटा द्वारा आगामी 17 एवं 18 जनवरी को दो दिवसीय प्रीमियम एग्जीबिशन श्स्वयंसिद्धाश का आयोजन झालावाड़ रोड स्थित संस्कृति बैंक्वेट हॉल में किया जा रहा हैं। आयोजित होने वाले इस भव्य मेले का उद्देश्य महिला उद्यमियों को एक ऐसा मंच प्रदान करना हैं, जहाँ वे अपने कौशल और उत्पादों को प्रदर्शित कर सकें।

इस बार इस मेले में बंगाल की चटाई और और बारां आदिवासी क्षेत्र की सुनीता प्रजापति के द्वारा बनाई गई आदिवासी गुड़िया सहित कई अन्य मुख्य आकर्षण हैं। संस्था की निवर्तमान अध्यक्ष एवं प्रांतीय सदस्य शशि मित्तल ने जानकारी दी कि इस बार लगने वाली स्लॉट में वेस्ट बंगाल की चटाई बनाने वाले, बारां आदिवासी क्षेत्र से सुनीता प्रजापति की आदिवासी गुड़िया, वनवासी कल्याण परिषद उदयपुर द्वारा लगाई जा रही कमली ट्राइट्स के हैंडीक्राफ्ट आईटम, कोटा की अयोध्या बाई के द्वारा निर्मित मिट्टी के बर्तनों, मधुमिता के द्वारा वेस्ट से बेस्ट जिसमें वेस्ट से सजावटी आईटम बनाए जाते हैं जैसी इंस्टॉल प्रमुख आकर्षण रहेगी।

इंस्टॉल बुकिंग इंचार्ज शीलू जैन ने बताया कि इस मेले में प्लांट्स और पोट्स की स्टॉल भी लगाई जा रही है। साथ ही प्लांट्स के रखरखाव की जानकारी भी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि मेले में कुल 120 स्टॉल लगाई जा रही हैं जिनमें से 60 प्रतिशत स्टॉल अन्य शहरों की तथा 30 प्रतिशत स्टॉल रिपीट हुई है। पिछली बार में 10 से 15 हजार लोग हर मेले में यहां पर शॉपिंग करने आते थे। स्टॉल बुकिंग इंचार्ज शीलू जैन ने बताया कि प्रदर्शनी में कुल 120 स्टॉल लगाए जा रहे हैं। यहाँ हस्तशिल्प, ज्वैलरी, डिजाईनर वस्त्र, होम डेकोर, स्किन केयर, हर्बल प्रोडक्ट्स और रेडी-टू-ईट फूड आईटम्स की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी। निवर्तमान अध्यक्ष और प्रांतीय सदस्य शशी मित्तल ने बताया कि इस वर्ष कोटा के साथ-साथ नई दिल्ली, जयपुर, उदयपुर, आगरा, देवास, जोधपुर, भीलवाड़ा और पाली जैसे शहरों की उद्यमी महिलाएं भी अपनी विशिष्ट वस्तुओं के साथ शामिल हो रही हैं।

संस्था की अध्यक्ष चांदनी पोद्दार ने बताया कि इस वर्ष के आयोजन में पारस ज्वैल्र्स, औरिया ज्वैल्र्स, हेल्थी चॉईस पोहा, कैलोरी ब्रेड और सुकल्प ब्यूटी जोन जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। संस्था की सचिव निहारिका गुप्ता ने बताया कि स्वयंसिद्धा का मूल मंत्र सामाजिक सरोकार है। आर्थिक रूप से कमजोर महिला उद्यमियों और विभिन्न स्वयं सहायता समूहों को संस्था की ओर से निःशुल्क स्टॉल आवंटित किए गए हैं। इससे वंचित वर्ग के उत्पादों को भी एक उत्कृष्ट बाजार और संपन्न ग्राहक वर्ग मिल सकेगा, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। कोषाध्यक्ष अलका अग्रवाल के अनुसार, बाहर से आने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षा, भोजन और आवास के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही, आगंतुकों के अनुभव को यादगार बनाने के लिए कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

कार्यक्रम संचालक सीए रजनी मित्तल ने बताया कि इस प्रदर्शनी को शहर की सर्वश्रेष्ठ एग्जीबिशन बनाने के लिए 100 महिलाओं की टीम जुटी हुई है। दर्शकों के लिए हर दो घंटे में लकी ड्रॉ निकाला जाएगा, जिसके विजेताओं को आर.एस. मित्तल कॉमर्स क्लासेज की ओर से आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, बच्चों के लिए स्पेशल गेम जोन और खान-पान के शौकीनों के लिए विशाल फूड कोर्ट भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर का पिटारा भी तैयार किया गया है, जिससे शॉपिंग का आनंद दोगुना हो जाएगा।

रामगंजमण्डी सर्किल के 4 थानों की पुलिस का एरिया डोमिनेशन सघन अभियान चलाया

रामगंजमंडी, (निसं)। आगामी त्यौहारों को देखते हुए कोटा ग्रामीण की रामगंजमण्डी सर्किल पुलिस अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले भर में अवैध गतिविधियों और अपराधियों के खिलाफ एक विशेष श्एरिया डोमिनेशनश अभियान चलाया गया।

अभियान की कमान स्वयं पुलिस उपाधीक्षक घनश्याम मीणा ने संभाली। इस सघन अभियान में नशीले पदार्थों, अवैध शराब, फरार आरोपितों और आदतन बदमाशों पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए कुल 73 अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुँचाया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के सुपरविजन में मीणा ने रामगंजमंडी, मोड़क, सुकेत और चेचट थानों की पुलिस को न केवल एकजुट किया, बल्कि एक ऐसी रणनीति बनाई कि अपराधी संभलने तक का मौका नहीं पा सके। इस पूरे अभियान में पुलिस उपाधीक्षक रामगंजमंडी घनश्याम मीणा की कार्यशैली और सफल नेतृत्व की जमकर तारीफ हो रही है। पुलिस उपाधीक्षक मीणा ने बताया कि यह अभियान केवल नशे और शराब तक ही सीमित नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य कानून व्यवस्था बनाए रखना और अपराध पर सख्ती से नियंत्रण पाना था। मीणा ने यह भी बताया कि पुलिस का ध्येय आमजन में विश्वास अपराधी में भय पूर्ण रूप से चरितार्थ हो, के उद्देश्य से रामगंजमण्डी सर्किल में अपराधियों को ढूंढ ढूंढ कर उनके खिलाफ कानून कारवाई करने के साथ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

वहीं बार-बार अपराध करने वालों के खिलाफ कानूनी एक्शन प्लान भी बनाया जा रहा है। अपराधियों पर बराबर नकेल कसी जा रही है तथा आगामी दिनों में भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था कायम रह सके। मीणा ने अंत मे बताया कि सर्किल पुलिस की मेहनत व संयुक्त रूप से की गई कार्यवाही का ही परिणाम है कि अभियान के तहत जिले में रामगंजमण्डी सर्किल के चारों थानों पर गठित 17 टीमो के 144 अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्यवाही करते हुये, आर्म्स एक्ट,एक्साईज एक्ट, जुआ अधिनियम व निरोधात्मक कार्यवाहियो में 73 अपराधियों को गिरफ्तार करनें मे सफलता प्राप्त हुई है।

सार-समाचार

निगम करवा रहा वेस्टपिकर्स का सर्वे

कोटा, (निसं)। केंद्र सरकार की नमस्ते योजना (नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाईज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम) के अंतर्गत नगर निगम अनौपचारिक श्रेणी के वेस्ट पिकर्स का सर्वे एवं प्रोफाइलिंग कार्य प्रारंभ हो गया है। आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि इस सर्वे में शहर के ऐसे महिला-पुरुष वेस्ट पिकर्स शामिल किए जा रहे हैं, जिन्हें भविष्य निधि (पीएफ) एवं कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं प्राप्त नहीं हैं। सर्वे के अंतर्गत कचरा पॉइंट से कचरा बीनने वाले, कबाड़ संग्रह करने वाले, डंपिंग यार्ड में कूड़ा-कचरा एकत्र करने वाले तथा निगम क्षेत्र में कचरा संग्रहण का कार्य करने वाले व्यक्तियों की प्रोफाईल नमस्ते योजना से लिंक की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस सर्वे से जुड़ने के लिए हितग्राहियों को स्वयं का आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा। नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर कचरा बीनने का कार्य करने वाले व्यक्ति नगर निगम कार्यालय के कमरा नंबर 310 में संपर्क कर सकते हैं, ताकि अधिकृत संस्था द्वारा उनका सर्वे किया जा सके।

घुमंतु समुदाय के दस्तावेज बनाए जाएंगे

छबड़ा (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार घुमंतु समुदाय (विमुक्त एवं अर्द्ध घुमंतु) के लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के उद्देश्य से 12 जनवरी से सहायता षिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें उक्त समुदाय के व्यक्तियो के महत्वपूर्ण दस्तावेज निःशुल्क बनाए जाएंगे। यह शिविर 31 जनवरी तक आयोजित होंगे। कार्यवाहक ईओ संदीप गहलोत के अनुसार इन षिविरो में ऐसे व्यक्तियो के पहचान पत्र, आधारकार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र निःशुल्क जारी किए जाकर राज्य कल्याणकारी योजनाओ से जोड़ा जाएगा। उन्होने ऐसे लोगो से अपील की है कि शिविरों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग ले ताकि विभिन्न योजनाओं को लाभ मिल सके और समस्याओ का समाधान हो सके।

लोहड़ी महोत्सव मनाया

बून्दी (निसं)। श्री पंजाबी जन सेवा समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार वधवा ने बताया कि इस बार लोहड़ी महोत्सव तीन दिवसीय मनाया गया। जिसमें रविवार को वैष्णो माता मंदिर खोजागेट में खेलो पंजाबी खेलो का आयोजन हुआ। इसमें शतरंज, कैरम एवं बैडमिंटन खेल खेले गए जिसमें समाज के सभी आयु वर्ग के लोगों ने भाग लिया। सोमवार को रात्रि को लोहड़ी पूजन करके ढोल की थाप पर समाज के पुरुष एवं महिलाओं ने नृत्य किया।

शहर कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा

कोटा, (निसं)। एसआईआर को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम की अगुवाई में वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पीयूष समारिया को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन पत्र में शहर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम ने कहा कि मोदीजी एवं गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर ईआरओ को बीएलओ के माध्यम से प्रत्येक बूथ 150,200 एसाईआर के माध्यम से कांग्रेसियों एवं कांग्रेस समर्पित वोटरों के षड्यंत्र के तहत बीएलओ पर दवाब बनाकर नाम काटने का टारगेट दिया है और अब सेकिंड लिस्ट में नाम काटे जा रहे है हमने ईआरओ एवं जिला निर्वाचन अधिकारों को वोटर लिस्ट से नाम काटने की सूची द्वारा अवगत कराया है। गौतम ने कहा कि बीएलओ पर अनैतिकपूर्ण तरीके से भाजपाईओं द्वारा नाम काटने का दवाब बनाया जा रहा है हमारी पार्टी के बीएलए को विश्वास में ना लेकर गुपचुप तरीके से नाम काटने एवं जोड़ने का काम चल रहा है यह खुलेआम आमजन के मौलिक अधिकारों का हनन एवं लोकतंत्र की हत्या है इसे कांग्रेसजन बर्दाश्त नही करेगा गौतम ने कहा कि अभी हमने ज्ञापन दिया है इसकी सुनवाई नही हुई तो हम आमजन के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए एसाईआर में कई जा रही गड़बड़ी के खिलाफ शीघ्र ही एक बड़ा आंदोलन करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार एवं प्रशासन की अनदेखी होंगी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि एसाईआर के माध्यम से जो षड्यंत्र किया जा रहा है इसे हम बर्दाशत नही करेंगे। पीसीसी महासचिव अमित धरीवाल ने कहा कि हर बूथ पर बीएलओ पर दवाब बनाकर नाम कटवाए जा रहे है वह हमारी निगाह में है हमने जिलानिर्वाचन अधिकारी को सूची दिखा दी है उन्होंने पुनः जांच कर जोड़ने का आश्वासन दिया है अन्यथा बाध्य होकर आंदोलन करना पड़ेगा। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस महासचिव डॉ. विजय सोनी ने बताया कि ज्ञापन पत्र देते हुए प्रमुख रूप से पूर्व पीसीसी सचिव डॉ जफर मोहम्मद, कांग्रेस महासचिव डॉ विजय सोनी,पीसीसी सदस्य किशोर मदनानी आदि मौजूद रहे।

विकल्प सद्भावना समारोह में साहित्यकारों ने प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया

■ खुले आकाश में छोड़े शांति के प्रतीक कबूतर और हस्ताक्षर युक्त पतंगें

कोटा, (निसं)। विकल्प जन सांस्कृतिक मंच द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर प्रसिद्ध शायर शकूर अनवर के शिवपुरा स्थित प्रांगण में सद्भावना समारोह पूरी उमंग के साथ मनाया गया। उद्घाटन सत्र में कवियों और शायरों द्वारा खुले आकाश में हस्ताक्षर युक्त पतंगें और शांति के प्रतीक कबूतर छोड़ कर आज़ादी और भाई चारे का संदेश दिया गया।

प्रथम सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर अनिता वर्मा ने कहा कि वर्तमान दौर में मानवीय मूल्यों की गिरावट साहित्यकारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। उन्हें अपनी रचनाओं में प्रेमचंद की तरह समाज की सचाईयों और उच्च आदर्शों की स्थापना करनी होगी। साहित्य में वंचितों के प्रति प्रेम और निश्छलता की भाषा सुनाई देनी चाहिए। मुख्य अतिथि विजय सिंह पालीवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान साहित्य आत्म मुग्धता के सीमित दायरे में सिकुड़ गया है उसमें आमजन की जिंदगी की धड़कनें सुनाई नहीं देतीं। साहित्य को बाजारवाद से मुक्त होकर इंसानी संवेदनाओं को प्रमुखता देनी चाहिए।

संस्कृतिकर्मी शरद तैलंग ने अपने सद्भावना संदेश में कहा कि देश समाज में नफरत और अंधविश्वास के बढ़ने से युवा शक्ति का वास्तविक विकास रुक गया है। साहित्य ही इस अंधेरे से युवा पीढ़ी को मुक्त कर सकता हैं। प्रथम सत्र के विशिष्ट अतिथि कमर आब्दी ने कहा कि सद्भावना की दिशा में विकल्प द्वारा की गई पहल बहुत ही सराहनीय है। बिगुल जैन ने लेखकों को प्रकृति से जुड़ने का आह्वान किया।

एस.डी.एम. ने अधिकारियों की बैठक ली

छबड़ा (निसं)। एसडीएम रामसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में गुरूवार को ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवष्यक निर्देष दिये गए। संभागीय आयुक्त द्वारा की गई जनसुनवाई से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई एवं साथ ही उपखंड अधिकारी द्वारा की गई दैनिक जनसुनवाई के परिवादों के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवष्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही अंतर्विभागीय समस्याओं की समीक्षा भी की गई।

विकसित भारत-अन्नदाता का मान श्रम शक्ति का सम्मान पर तीन दिवसीय मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का शुभारंभ

■ सामूहिक जिम्मेदारी से ही योजनाओं को आमजन तक पहुचाना संभव : जिला प्रमुख

■ 'पात्र व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे'

झालावाड़, (निसं)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय कोटा द्वारा झालावाड़ जिला मुख्यालय पर स्थित मिनी सचिवालय के सभागार में लगाई गई विकसित भारत-अन्नदाता का मान, श्रम शक्ति का सम्मान विषय पर तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का शुभारम्भ गुरूवार को जिला प्रमुख प्रेम बाई दाँगी ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वल्लित कर किया।

प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला प्रमुख ने कहा कि यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि पात्र व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा की यह प्रदर्शनी वन्दे मातरम के 150 वर्ष और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। जिला प्रमुख एवं अन्य अतिथियों द्वारा उद्घाटन सत्र में पीएम स्वनिधि लाभार्थियों को योजना के स्वीकृति पत्र भी वितरित किये गए।

जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक महेश सिसोदिया ने उपस्थित दर्शकों को पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभ एवं पात्रता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा की बैंक से सम्बंधित योजनाओं का लाभ लेने के लिए वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय अनुशासन आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान जीएसटी की सहायक आयुक्त अर्पिता त्रिवेदी ने कहा की जीएसटी कर सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है जिसकी शुरुआत 1 जुलाई 2017 को हुई।

उन्होंने कहा कि जीएसटी से पहले वेट प्रचलन में था जिसमें कई तरह के कर शामिल थे इन्हें सब सम्मिलित करके जीएसटी लागू किया गया। प्रदर्शनी के उद्देश्यों के बारे में विभाग के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने बताया कि प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण पहलुओं को दर्शाते हुए विभिन्न जोन बनाये गए है जिनमें महिला सशक्तिकरण, गति शक्ति, वन्दे मातरम, किसान कल्याण, नवीन श्रम संहिता, युवा विकास, रक्षा शेत्र में नवाचार (ओपरेशन सिन्दूर) और ज्ञान भारतम् मिशन शामिल है।

जलवितरण समिति सरकन्या और पलायथा अध्यक्षों की बैठक संपन्न

अंता, (निसं)। चंबल सिंचाई परियोजना दायीं मुख्य नहर अंता के सरकन्या और पलायथा जल वितरण समिति के अध्यक्षों की गुरुवार को सीएडी कार्यालय अंता में एक बैठक संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता गिरिराज मालव अध्यक्ष सरकन्या जल वितरण समिति ने की। नरोत्तम दयाल कुशवाहा अध्यक्ष पलायथा जल वितरण समिति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक में संजय सिंह अधीक्षण अभियंता दायीं मुख्य नहर कोटा वृत तथा शिवचरण मीणा सहायक अभियंता कोटा, हेमराज मीणा अधिशासी अभियंता दायीं मुख्य नहर अंता, चंद्रभान मौर्य, सहायक अभियंता डिस्ट्रिब्यूटरी, अंकित बोहरा सहायक अभियंता उपखंड अंता, हरिओम कनिष्ठ अभियंता ने जल वितरण समिति अध्यक्ष एवं जल उपयोगिता समिति अध्यक्ष द्वारा आने वाली समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया गया।

बैठक में सरकन्या के सभी माईनर के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा करने, आउट लेटो को ठीक करने, टूटी हुई खिड़कियों को ठीक करने, तथा सभी माइनर पर ग्रेवल सड़क बनाने धतूरिया डिस्ट्रिब्यूटरी पर ओवर फ्लो की समस्या से अवगत कराया गया। माइनर की दोनों साइड पर मिट्टी डालने की समस्याओ से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता दायीं मुख्य नहर कोटा वृत कोटा ने उपस्थित सभी जल वितरण समिति अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि विभाग द्वारा किसानों को हरसंभव प्रयास कर समय पर समस्या का समाधान किया जायेगा।

उन्होंने सी ए डी अधिकारियों से हर माह विजिट करने, समय पर खतौनी करने और वसूली अभियान को तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में कृपा शंकर दाधीच, रामेश्वर नागर, जहूर अली, पूरण मालव, कन्हैयालाल पारेता, किशन मुरारी, लटूरलाल, तोलाराम मीणा, कुंज बिहारी मालव, बाबूलाल मीणा बाबूलाल चौधरी आदि अध्यक्ष उपस्थित रहे।

पश्चिम मध्य रेल

ई- निविदा सूचना
सिग्नल एवं दूर संचार (जीएसयू) विभाग, कोटा मंडल
निविदा संख्या : केटीटी/एस एण्ड टी/जीएसयू/2026/01
दिनांक 13/01/2026

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार इंजीनियर (जीएसयू) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा, राजस्थान 324002 निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में मुहरबंद ई-निविदाएं आमंत्रित करते है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **निविदा संख्या**- केटीटी/एस एण्ड टी/जीएसयू/2026/01, **कार्य का नाम**- सवाई माधोपुर - रिप्लेसमेंट ऑफ इण्डोर ईआई एण्ड आउटडोर गियर्स अलान्ग विद प्रोविजन ऑफ डिजीटल एक्सल काउन्टर (एमएसडीएसी) एट सवाईमाधोपुर ए सवाईमाधोपुर बी एवं सवाई माधोपुर सेन्टर विद ड्यूल वीडीयू एण्ड रिमॉडलिंग ऑफ सवाई माधोपुर स्टेशन यार्ड एट कोटा ईन्ड टू रिमूव ऑपरेशन कान्सट्रिन्ट। **कार्य की लागत**: रू.159320686.88/-, **बयाना राशि**: रू.946600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य**: रू 0.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि**: 18 माह (अठारह माह) मानसून सहित, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय**- दिनांक 12/02/2026 को 15:00 बजे तक, वेबसाईट पता- www.ireps.gov.in.

(हस्ता.)
उप मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार इंजी.(जीएसयू)
पश्चिम मध्य रेल, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

आम सूचना

मेरे पक्षकार बलराम शर्मा पुत्र प्रेमशंकर शर्मा निवासी रेतवाली कैथूनीपोल कोटा की ओर से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के माध्यम से नन्दकिशोर, भैरूलाल, रामदेव पिसरान श्री कृष्ण जाति माली निवासी बोरखण्डी कोटा के खाते की आराजी ख.नं. 554/177 एवं ख.नं. 162 पर ''श्री नीलआंगन रेजीडेन्सी'' ग्राम बोरखण्डी तह. लाडपुरा जिला कोटा में जिन व्यक्तियों ने भूखण्ड क्रय कर रखे है वे व्यक्ति भूखण्डों की बकाया राशि सूचना प्रकाशन से 10 दिवस में मेरे पक्षकार को अदा कर अपने पक्ष में भूखण्डों की लिखापढी करवाकर भौतिक कब्जा प्राप्त कर लेवे उक्त अवधि में अगर भूखण्डों की बकाया राशि मेरे पक्षकार को अदा नहीं की जाती है तो भूखण्ड क्रेताओं की साई पेटे की राशि जब्त मानी जाकर सौदा निरस्त माना जायेगा और मेरे पक्षकार को उक्त विक्रय किये गये भूखण्डों को अन्यत्र बेचान करने का अधिकार होगा। इस संबंध में पूर्व में भी मेरे पक्षकार द्वारा सूचना प्रकाशित करवाई गई थी इसलिये यह अन्तिम सूचना है। सूचित हों।
दिनांक-12.1.2026

भवदीय
(रघुवीर सिंह राठौड) एडवोकेट
मो. 9929585669

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारान 1. मंगतिया पुत्र कालूराम जाति मेहतर आयु 74 वर्ष 2. चन्द्रकला पत्नी मंमतिया आयु 68 साल जाति मेहतर निवासीगण मडिया बस्ती बालीता कुन्हाडी कोटा हाल निवासी 182 हरिजन बस्ती नयापुरा कोटा का स्वअर्जित कब्जे स्वामित्व का मकान वाके मडिया बस्ती बालीता कुन्हाड़ी कोटा पर पेमाईशी 40 बाई 67 वर्गफुट का स्थित उक्त मकान में मेरे पक्षकारान का छोटा पुत्र 1. विजय पुत्र मंगतिया आयु 43 वर्ष जाति हरिजन व उसकी पत्नी 2. शीला पत्नी विजय आयु 40 वर्ष जाति हरिजन निवासीगण मडिया बस्ती बालीता कुन्हाडी थाना कुन्हाडी जिला कोटा भी मकान के कुछ हिस्सा एक कच्चा घर 10 बाई 18 फुट चौक पर कब्जा कर निवास कर रहे है, लेकिन मेरे पक्षकारान के पुत्र विजय उसकी पत्नी शीला का आचरण व्यवहार मेरे पक्षकार के प्रति अच्छा नही रहा, हमेशा लडाई झगडा, गाली गलोच करते मारपीट करते और मेरी पक्षकारा चन्द्रकला के साथ चोटी पकडकर कई बार शीला मारपीट कर चुकी है, इसलिए मेरे पक्षकारान विजय व शीला व उनके बच्चे को अपने उक्त मकान से व अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल करते है, कोई मी व्यक्ति या शख्स इन दोनों विजय व शीला से किसी प्रकार का उक्त मकान के प्रति संव्यवहार नहीं करें यदि करते है तो वे उसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होगे. सूचित हो।

भवदीय
अब्दुल वहीद खान एडवोकेट

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2025/1945 **विज्ञप्ति** दिनांक : 15.01.2026

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम उम्मेदगंज योजना ''रमण वाटिका'' खसरा नं. 78 पूर्वी दिशा, 79 पार्ट पूर्वी दिशा, 79/583 पार्ट दक्षिणी दिशा में स्थित भूखण्ड संख्या 4 के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्री लोकेश कुमार त्रिवेदी पुत्र श्री दुर्गाशंकर त्रिवेदी निवासी- 809, कुम्हार गली, भैंसोदा, तह. भानपुरा, जिला मंदसौर म.प्र. द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 3014 दिनांक 19.02.2024 को श्रीमती ममता कुमारी पत्नि श्री टीकम चंद पंवार के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टेधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जर्ये पंजीकृत मुख्तार आम श्री दिनेश नागर पुत्र श्री गिरिराज प्रसाद द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 07.11.2024 से श्री लोकेश कुमार त्रिवेदी पुत्र श्री दुर्गाशंकर त्रिवेदी को कर दिया गया हैं।

अतः श्री लोकेश कुमार त्रिवेदी पुत्र श्री दुर्गाशंकर त्रिवेदी के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय
(केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के तहत स्थापित)
तेजस्विनी हिल्स, पेरिया डाक, कासरगोड - 671325
सं सीयूके/आरईसीआरटी/टीईएसीएच/2023 दिनांकः 01 जनवरी 2026

एस.सी, एस.टी, ओ.बी.सी और पीडब्ल्यूबीडी श्रोणी के बैकलॉग शिक्षण पदों हेतु रोलिंग विज्ञापन

एस.सी, एस.टी, ओ.बी.सी और पीडब्ल्यूबीडी श्रोणी के अंतर्गत विभिन्न रिक्त बैकलॉग शिक्षण पदों को नियमित आधार पर भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों/प्रवासी भारतीय नागरिकों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया www.cukerala.ac.in देखें।
ऑनलाईन आवेदन जमा करने का लिंक https://curec.samarth.ac.in
प्रथम चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथिः 02.02.2026, 11:59 पी.एम
प्रथम चरण के लिए हार्ड कॉपी आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथिः 16.02.2026, 05:00 पी.एम

CBC 21353/12/0007/2526 **कुलसचिव**